पंजाब केसरी 26/09/2025

# अम्बाला के युवाओं को रोजगार देना जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता : डॉ. रोहित दत्त

## जी.एम.एन. कॉलेज ने पूल कैम्पस ड्राइव के माध्यम से युवाओं को दिया करियर की उड़ान भरने का अवसर

अम्बाला, 25 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वीरवार को भव्य पूल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से जी.एम.एन. कॉलेज ने युवाओं को करियर की उड़ान भरने का अवसर दिया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस ड्राइव में न केवल जी.एम.एन. कॉलेज, बल्कि अम्बाला और यमुनानगर जिलों के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के लगभग 350 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता अम्बाला और आसपास के युवाओं को रोजगार देना है। इस प्रकार की कैम्पस ड्राइव न केवल रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि यह छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और वास्तविक कॉर्पोरेट वातावरण का अनुभव प्राप्त करने का भी अवसर देती है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में गुणवत्तापूर्ण नौकरी पाना प्रत्येक छात्र का सपना होता है और ऐसे आयोजन उनके करियर को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जी.एम.एन. कॉलेज भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन करता रहेगा।



जी.एम.एन. कॉलेज में पूल कैम्पस ड्राइव के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

इस कैम्पस ड्राइव में शामिल हुई बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रतिनिधियों प्रेरणा सोनी, प्रीतपाल सिंह, दीपंकर एवं रोहित डोगरा ने चयन प्रक्रिया के अंतर्गत सबसे पहले ग्रुप डिस्कशन आयोजित किया और अंतिम चरण में साक्षात्कार लिए।

इस संपूर्ण प्रक्रिया में विद्यार्थियों की संवाद क्षमता, नेतृत्व गुण, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया गया।

इस ड्राइव की सफलता में सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका प्रो. कमलप्रीत कौर तथा करियर गाइडैंस एंड काउंसलिग सैल की इंचार्ज डा. भारती सुजान का विशेष योगदान रहा। कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर और विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें साक्षात्कार की बारीकियों से अवगत करवाया।